संचिका संख्या–12/प0–04–03/13 77(13)

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

सॉवर भारती, (वि0प्र0से0)
प्रशासी पदाधिकारी,
राज्य प0क0 ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग,
विकास भवन, बिहार, पटना ।

सेवा में,

प्रशासी पदाधिकारी,
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार,
परिवार कल्याण भवन शेखपुरा, पटना ।

/पटना, दिनांकः– 14/02/013

विषयः–श्री संजय सरावगी, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्राप्त तारांकित सं0 द–01 के संबंध में उत्तर सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के साथ प्राप्त विषयांकित प्रश्न की टंकित प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि इसके आलोक में वांछित प्रश्नोत्तर सामग्री अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा करे, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके ।

ज्ञातव्य हो कि **दिनांक 22.02.2013** को बिहार विधान सभा सचिवालय को उत्तर सामग्री भेजना है । अतः लौटती डाक द्वारा विशेषदूत/फैक्स के माध्यम से भेजा सुनिश्चित करें ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें ।

विश्वासभाजन

प्रशासी पदाधिकारी
राज्य प0क0 ब्यूरो, स्वास्थ्य विभाग,
विकास भवन बिहार, पटना

श्री संजय सरावगी, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्राप्त तारांकित सं0 द–01

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि –

1. क्या यह बात सही है कि राजमार्गो पर दुर्घटना में घायल लोगों के त्वरित इलाज के लिए मुख्य राजमार्गो के समीप के शहरों में अवस्थित सरकारी अस्पतालों को ट्रॉमा सेन्टर के रूप में विकसित करने के लिए 133 डाक्टर समेत 646 पदों का सृजन किया गया है जिसपर प्रतिवर्ष 15 करोड़ 57 लाख 24 हजार रुपये का खर्च आएगा ,
2. क्या यह बात सही है कि इस निमित्त डी0एम0सी0एच0, दरभंगा, मगध मेडिकल कॉलेज, एस0के0 मेडिकल सहित रोहतास, गोपालगंज, मधेपुरा, झंझारपुर, किशनगंज और पूर्णियां जिला अस्पतालों का चयन किया गया है ;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त योजना का कार्यान्वयन इस वित्तीय वर्ष से सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हॉ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?